तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 जून 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



14 अस्पताल क्षेत्र को तंबाकू मुक्त करने सीएमएचओ ने की पहल





14 बेरियर से कर्मचारियों के हटाते ही बढ़ा पत्थर, ईंट और रेत का परिवहन




## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया



**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस मुख्यालय में एसपी विजय अग्रवाल ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया गया। वें भारतीय पुलिस सेवा वर्ष–2012 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। वह अंबिकापुर के पद से स्थानांतरण होकर जिला बलौदाबाजार–भाटापारा आए हैं।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में कोमाखान पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शांतिलाल पारकर पिता भुनेश्वर पारकर (42 साल) निवासी सोनामुंदी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर पारकर खरियाररोड से किराना सामान लेकर अपने घर ग्राम सोनामुंदी वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम टेमरी और सोनामुंदी के मध्य रास्ते में वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजे 9566 के चालक विपरीत दिशा से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के वाहन सीजी 06 जीके 2320 को ठोकर मार दिया। घटना में मेरे पिता के सिर और बाएं हाथ के कंधे तथा दायें हाथ की कलाई के ऊपर हथेली पर गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें 112 वाहन से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया, जहां प्राथमिक उपचार पश्चात रायपुर रेफर किया गया। पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने धारदार बटन चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त करते हुए सरायपाली थाना में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली के पास हिमांशु सोना अपने हाथ में एक स्टील का धारदार बटनदार चाकू लेकर आम जगह पर लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोग भयभीत हैं। बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम पता हिमांशु सोना पिता महेश सोना (21 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली बताया। आरोपी के पास से धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

**आरोप : प्रशासन मुख्य आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहा**

# कलेक्टोरेट में आगजनी व हिंसा की वारदात सूचना तंत्र और प्रशासन की विफलता उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गत दिनों बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की घटना को दुखद बताते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा मामले की जांच के लिए गठित टीम के संयोजक डॉ. शिवकुमार डहरिया ने इस घटना के लिए जिला प्रशासन एवं उनकी इंटेलिजेंस टीम की नाकामी का परिणाम बताया। इसके साथ भाजपा की प्रदेश सरकार को जिम्मेदार बताया है। गुरुवार को महकोनी के क्षतिग्रस्त कर दिये गए जैतखाम का अवलोकन करने के पश्चात डॉ. शिव डहरिया जांच समिति के अन्य सदस्य पदमा मनहर, शैलेष नितिन त्रिवेदी, हितेन्द्र ठाकुर, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस आदि के साथ बलौदाबाजार पहुंचकर प्रेसवार्ता ली।



### प्रशासन ने जमा हो रही भीड़ को रोकने का प्रयास नहीं किया

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बलौदाबाजार की घटना को जिला प्रशासन और सूचना तंत्र की विफलता का परिणाम बताते हुए कहा कि मीडिया की खबरों और भाजपा नेताओं के बयानों में घटना दिवस हजारों की संख्या में प्रदेश व अन्य प्रांतों के लोगों के पहुंचने तथा उनके द्वारा पत्थर, लाठी, पेट्रोल बम लेकर घटना स्थल पर पहुंचने की बात कही जा रही है। यदि यह बात सही है तो प्रशासन का सूचना तंत्र समय रहते इसकी जानकारी शासन प्रशासन को देने में क्यों नाकाम रहा। यदि प्रशासन सुबह 9 बजे से सैकड़ों की संख्या में बलौदाबाजार पहुंच रही वाहनों तथा एकत्रित हो रही भीड़ को जिले से बाहर रोकने का प्रयास करता जैसे हमेशा सरकारी कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान किया जाता रहा है, तो शायद इतनी बड़ी घटना घटित नहीं हो सकती थी।

### घटना के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार

डॉ. डहरिया ने उक्त घटना के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि धार्मिक आस्था के केन्द्र में हुई तोड़फोड़ को लेकर गत कई दिनों से सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाती रही है, लेकिन सरकार एवं प्रशासन द्वारा मामले में असली आरोपी को बचाने का प्रयास करते हुए कुछ श्रमिकों को गिरफ्तार कर आरोपी बना दिया गया। इससे समाज के असहमत होने और सीबीआई जांच वाली मांग को अनसुना किया जाता रहा। इससे खफा समाज के लोगों द्वारा 10 जून को बलौदाबाजार में प्रदेशव्यापी धरना आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। यदि प्रदेश सरकार द्वारा 10 जून के पहले ही समय रहते न्यायिक जांच कराने का निर्णय ले लिया होता तो शायद ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती।

### प्रशासन ने समाज के पदाधिकारियों से चर्चा नहीं की

डॉ. शिवकुमार डहरिया ने जिला प्रशासन द्वारा सतनामी समाज तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से लगातार चर्चा करने संबंधि दावे को खारिज करते हुए कहा कि सरकारी चर्चा के नाम पर भाजपा के नेताओं तथा उनके समर्थकों से मिलकर बात की जाती थी। यह जानकारी समाज के पदाधिकारियों द्वारा जांच समिति को दी गई है।

### अपराधी कोई भी हो कठोर कार्रवाई करें

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में आराजकता का वातावरण बना हुआ है। राजधानी सहित सभी नगरों में चोरी, डकैती, लूट, चैन स्कैचिंग, माब लिचिंग की घटनाएं हो रही है तथा पुलिस प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने व आरोपियों को पकड़ने में नाकाम दिखाई देती है। उन्होंने बलौदाबाजार में हुई आगजनी व हिंसा के मामले में लिप्त वास्तविक आरोपियों को पकड़ने के बजाए निअपराध लोगों पर कार्रवाई करने में प्रशासन के जुटे रहने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी तथा सतनामी समाज द्वारा उक्त घटना की निंदा करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा वास्तविक अपराधी चाहे वह किसी भी जाति का हो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।



## कांग्रेस की जांच टीम पहुंची महकोनी तोड़े गए जैतखाम की जांच पड़ताल की

**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जांच टीम के संयोजक प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया अपनी टीम के साथ गिरौदपुरी पहुंचकर क्षतिग्रस्त जैतखाम का अवलोकन कर स्थानीय लोगों से चर्चा की। गौरतलब है कि ग्राम महकोनी स्थित बाबा अमरदास गुफा के जैतखाम में हुए तोड़फोड़ के पश्चात उत्पन्न अप्रिय स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के संयोजकत्व में सात सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसी तारतम्य में गुरुवार को पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया अपने टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसके पूर्व गिरौदपुरी धाम पहुंचते ही पूर्व मंत्री डहरिया एवं उनके टीम तथा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने बाबा गुरु घासीदास मंदिर में माथा टेक कर प्रदेश की सुख, शांति एवं समृद्धि तथा खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक पदमा मनहर, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक टंडन, वरिष्ठ कांग्रेसी छत्रसाल साहू, नल कुमार पटेल, रामशंकर साहू, गंभीर सिंह ठाकुर, गोपी साहू, पिंटू वर्मा, जब्बार खान, मोहन कश्यप, संतलाल पटेल, प्रमोद कुमार साहू, रामदयाल यादव, नोबेल डहरिया, नेमीचंद केसरवानी, भागवत पुरैना, विमल देवांगन, योगेश बंजारे, पूरीराम जयसवाल, रामकुमार मीरी, हेमलाल पटेल, मोहन रात्रे, दिगेश यादव, राजू अग्रवाल, घनश्याम मनहर आदि मौजूद थे।

*देर रात रेनोवेशन कार्य का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर-एसपी के निर्देश*

## रेनोवेशन कार्य की निगरानी करेंगे तहसीलदार और पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आगजनी की घटना के बाद संयुक्त जिला कार्यालय में तेज गति से चल रहे रेनोवेशन कार्य का जायजा लेने देर रात 12 बजे कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने परिसर में कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के मजदूरों से मुलाकत कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही श्री सोनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रात में मजदूरों की संख्या बढ़ाने एवं मजदूरों के सभी सुविधाओं का भी ख्याल रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी कार्यों की अच्छे से मॉनिटरिंग हो इसके लिए



बलौदाबाजार एसडीएम को 24 घंटे रोटेशन में नायब तहसीलदारों के साथ पटवारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर गार्ड रूम में तैनात होमगार्ड के जवान से मिलकर सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। इस पर अपर कलेक्टर को तत्काल फोन कर कल से ही होम गार्ड के जवानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। श्री सोनी ने परिसर के चारों घूमकर अलग अलग सेक्शन में चल रहे ⏩ शेष पेज 13 पर

## नदी-नाले और जलाशयों में 16 से मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**मुड़पार-सरसींवां।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि को ध्यान रखते हुए उन्हें संरक्षण देने राज्य शासन ने 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया है। सहायक संचालक मछली पालन से मिली जानकारी अनुसार राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3, उप धारा 2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णत निषिद्ध रहेगा। जिले के ⏩ शेष पेज 13 पर

■ छोटे तालाब या जिसका किसी नदी नाला से संबंध नहीं, उन पर यह नियम लागू नहीं

## सेक्टर सुपरवाइजर पर अभद्रता और लेनदेन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार/सरसींवां

जिला अंतर्गत आने वाले नवीन कोदवा सेक्टर के 18 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास परियोजना में पहुंच कर सेक्टर सुपरवाइजर की लिखित शिकायत करते हुए सेक्टर सुपरवाइजर पर कई आरोप लगाए हैं। नवीन सेक्टर में पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर विद्यावती बंजारे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभद्रता पूर्वक बात करने और छुट्टी मांगने पर महीने के वेतन का 30 प्रतिशत पैसे देने की मांग करने का आरोप लगाया है। जानकारी मिली है कि सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा अपने सेक्टर कोदवा में बैठक न रख कर मिटिंग को सरसींवां में रखती है, जबकि सेक्टर मिटिंग अपने सेक्टर पर सुपरवाइजर द्वारा नहीं ली जाती है, बल्कि सुपरवाइजर द्वारा दूसरे सेक्टर मुख्यालय में ही बैठक ली जाती है।

■ कोदवा सेक्टर की आंबा कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर की लिखित शिकायत की

### अभी मैं गाड़ी चला रहा हूं

अभी गाड़ी चला रहा हूं बाद में बात करूंगा कहते हुए मोबाइल काट दिए।

**-विजय प्रभात** परियोजना अधिकारी भटगांव

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सेक्टर सुपरवाइजर पर लगाए कई आरोप

उन्होंने कहा गर्मी में सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रति अधिकारी द्वारा कोई सहानुभूति न होना मानवाधिकार का हनन है। कोदवा सेक्टर क्रमांक-18 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने यह भी सेक्टर सुपरवाइजर पर आरोप लगाया है कि माह अप्रैल के आंगनबाड़ी केंद्रों के गर्म भोजन देयक राशि भुगतान करने कोदवा सेक्टर सुपरवाइजर विद्यावती बंजारे द्वारा धमकी देकर सभी सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 400 रुपए लिया जाता है, जहां कोदवा सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कई बिन्दुओं के पर सेक्टर सुपरवाइजर आरोप लगाया। इन कर्मचारियों ने भटगांव परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर विद्यावती बंजारे को 10 दिवस के अंदर सेक्टर कोदवा के प्रभार से मुक्त करने की मांग की है, नहीं हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**क्षतिग्रस्त वाहनों के बीमा क्लेम के लिए जनसुविधा केन्द्र स्थापित**

# कलेक्टोरेट में काम-काज सामान्य दिनों की तरह फिर से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टोरेट में सामान्य दिनों की तरह काम–काज फिर से शुरू हो गया है। सभी विभागों के अधिकारी आम दिनों की तरह ही अपने–अपने विभागों का काम–काज कर रहे हैं। जिला प्रशासन की पहल पर बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर परिसर स्थित संयुक्त कार्यालय में गत दिनों हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों के बीमा क्लेम दिलाने के लिए जनसुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए निजी दोपहिया–चार पहिया वाहन जो इस घटना में क्षतिग्रस्त हुए है, इस जन सुविधा केन्द्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। नवनियुक्त कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन के स्वामियों को बीमा क्लेम दिलाने में सहयोग दिया जा रहा है, ताकि क्षतिग्रस्त वाहन स्वामियों को बीमा की राशि प्राप्त करने में आसानी हो। उन्होंने बताया कि जनसुविधा केन्द्र में बीमा क्लेम के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित बीमा कंपनियों को भेजा जाएगा, जिससे क्षतिग्रस्त वाहनों के स्वामियों को बीमा राशि मिल सके। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक–7 में जनसुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए वाहन मालिकों को आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करना होगा। जनसुविधा केन्द्र के नोडल अधिकारी जिला कोषालय अधिकारी को नोडल अधिकारी और जिला परिवहन अधिकारी तथा लीड बैंक मैनेजर को सदस्य बनाया है। कलेक्टर ने बताया कलेक्टोरेट में काम–काज सामान्य दिनों की तरह चालू हो गया है। सभी विभागों ⏩ शेष पेज 13 पर

### सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में उपस्थित रहकर कार्य संपादित करेंगे




**बलौदाबाजार।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि सभी विभागों की मैदानी अधिकारी–कर्मचारी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर अपना कार्य संपादित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यालय में आम नागरिकों को अधिकारी– कर्मचारियों को आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। अधिकारी–कर्मचारी आगे आकर आम जनता के हितों और आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए जनता की समस्या को हल करने पहल करें। आम जनता से प्राप्त आवेदन को विभागीय अधिकारी–कर्मचारी अपने स्तर पर निराकृत करें। यदि आवेदनों का निराकरण मैदानी स्तर पर नहीं हो पाने से उसे जिले में संबंधित विभागीय अधिकारी को भेजकर निराकृत कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सोनी कहा कि अधिकारी–कर्मचारी आम जनता की सेवा के लिए तत्पर रहें और अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनता तक सतत रूप से पहुंचाते रहें। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि किसी भी ग्राम में यदि आपात स्थिति निर्मित होती है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सूचित करते हुए संबंधित व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री सोनी ने कहा कि जिले के जिन–जिन क्षेत्रों में समस्या प्राप्त होगी, वहां का भ्रमण कर समस्या का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी मैदानी क्षेत्र का सतत भ्रमण करें और अपने विभागीय योजनाओं से ग्रामीणजनों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

